Mobile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 644 / Md / 90 दिनांक 06.07.2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली ई–पेपर /समाचार पत्र यू0पी0/दैनिक भास्कर तक, दिनांक 04.07.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | यू0पी0 तक दिनांक 04.07.2026<br><br>दैनिक भास्कर दिनांक 04.07.2026 | **Bareilly News: दूषित पानी से जूझ रहे बगरऊ के ग्रामीण, जल जीवन मिशन का कनेक्शन न मिलने से बढ़ी परेशानी** <br><br>**बरेली में ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर:जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकीए कनेक्शन न मिलने से बढ़ी परेशानी**  | जनपद बरेली में तहसील मीरगंज के ग्राम पंचायत बगरऊ में शिकायकर्ता के द्वारा शिकायत की गयी कि उनके यहां पेयजल कनेक्शन अभी तक नहीं हुआ है जिस कारण बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है। के क्रम में अवगत कराना है की उक्त पेयजल योजना पूर्व में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत बनाई गयी थी वर्तमान में उक्त पेयजल योजना के अनुरक्षण व संचालन का कार्य मै0 ओम कन्सट्रैशन एण्ड सप्लायर के द्वारा किया जा रहा है। खण्डान्तर्गत जू0 इंजी0 के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें ज्ञात हुआ कि शिकायतकर्ता के निवास तक लगभग 80 मी0 नई पाइप लाइन बिछाये जाने के उपरांत ही पेयजल कनेक्शन किया जाना सम्भव है। उक्त कार्य को प्राथमिकता पर करने हेतु | |

...e No.- 9473942572
E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में पेयजल योजना में आंशिक रूप से जलापूर्ति की जा रही है। योजना को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाये जाने हेतु प्राक्कलन बनाकर मुख्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता को अवगत करा दिया गया है। | |

भवदीया

6/7/26.

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता